आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- द्वीपसमूह के बाराटांग कार्स–मिट्टी ज्वालामुखी और अंडमान सबडक्शन वोल्केनिक ग्रुप को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा ट्रकों की ब्रेकिंग क्षमता के लिए, पहली अक्टूबर 2027 से संशोधित ब्रेकिंग मानक अनिवार्य कर दिया गया है।
- पर्यटन निदेशालय लिटिल अंडमान में सर्फ प्रतियोगिता के लिए चयन पहली नवंबर को आयोजित करेगा।
- आइलैंड बीच गेम्स 30 और 31 अक्टूबर को रामनगर तट पर आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ने अपनी अनूठी प्राकृतिक विरासत के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। द्वीपसमूह के दो प्रमुख प्राकृतिक विरासत स्थलों – बाराटांग कार्स–मिट्टी ज्वालामुखी और अंडमान सबडक्शन वोल्केनिक ग्रुप – को यूनेस्को की विश्व धरोहर संभावित सूची में शामिल कर लिया गया है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि यूनेस्को की संभावित सूची में इन स्थलों का शामिल होना द्वीपसमूह की असाधारण भूगर्भीय संरचनाओं, जैव विविधता और प्राकृतिक विरासत के अंतर्राष्ट्रीय महत्व को रेखांकित करता है। यूनेस्को की संभावित सूची में भारत के तीन नए स्थलों को जगह मिली है। इनमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह के दो प्राकृतिक विरासत स्थल और छत्तीसगढ़ के सिरपुर का सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक परिदृश्य शामिल हैं।

<><><><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाएं कम करने के लिए, अक्टूबर 2030 से कार के सभी नए मॉडल में उन्नत आपातकालीन ब्रेकिंग प्रणाली – एईबीएस को अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा है।

मंत्रालय ने इस सप्ताह जारी प्रारूप अधिसूचना में कहा है कि पहले से ही उत्पादन में मौजूद जो मॉडल यानी वर्ष 2030 से पहले के मॉडल के लिए अक्टूबर 2032 से यह प्रणाली अनिवार्य होगी। यह प्रणाली आपातकालीन स्थितियों में, अपने आप ब्रेक लगा देता है। इससे दुर्घटना टल जाती है या टक्कर का असर कम हो जाता है। सरकार ने मध्यम और भारी वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। इनमें मुख्य रूप से ब्रेकिंग प्रणाली पर ध्यान दिया गया है। ट्रकों की ब्रेकिंग क्षमता बेहतर बनाने के लिए, पहली अक्टूबर 2027 से उनके लिए एक संशोधित ब्रेकिंग मानक अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, पहली अक्टूबर 2027 से ट्रकों में 'इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल सिस्टम' लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। यह सिस्टम वाहन को विशेष रूप से मोड़ पर ब्रेक लगाने के दौरान स्थिरता प्रदान करता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से चलाए गए स्ट्रीट वेंडर सर्वेक्षण के तहत शामिल सभी स्ट्रीट वेंडरों को विक्रय प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। प्रक्रिया और सत्यापन के लिए यूपीए सेल में निर्धारित घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। घोषणा–पत्र में स्ट्रीट वेंडिंग का कार्य स्वयं या परिवार के किसी सदस्य द्वारा किए जाने की घोषणा, आजीविका का कोई अन्य साधन न होने की पुष्टि, परिवार के किसी अन्य सदस्य ने उसी स्ट्रीट वेंडिंग गतिविधि के लिए CoV हेतु आवेदन नहीं किया जाना तथा सत्यता और प्रमाणिकता के साथ जमा करना होगा। निर्धारित घोषणा–पत्र का प्रारूप यूपीए सेल पर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सभागार मरम्मत कार्य के चलते 16 नवंबर से 30 नवंबर तक बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई भी बुकिंग या कार्यक्रम स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभागार को पुनः खोलने की सूचना बाद में दी जाएगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सचिव वंदना राव ने डॉ. आर. पी. अस्पताल, मायाबंदर का दौरा किया। इस दौरान, उनके समक्ष नवस्थापित ब्लड स्टोरेज यूनिट को औपचारिक रूप से चालू किया गया। इस यूनिट को श्री विजयपुरम स्थित मदर ब्लड बैंक से रक्त आपूर्ति की जाएगी।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, सर्फ़िंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से लिटिल अंडमान में सर्फ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस कार्यक्रम में दो महीने का सर्फ प्रशिक्षण शामिल है, जिसके बाद ISA सर्फ इंस्ट्रक्टर लेवल 1 कोर्स और ISA/ILS एक्वाटिक रेस्क्यू कोर्स कराया जाएगा। सफल उम्मीदवारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए 5 मिनट से कम समय में 200 मीटर तैराकी, सर्फ फिटनेस टेस्ट और व्यक्तिगत साक्षात्कार में सफल होने वाले छह उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिन्हें यह पाठ्यक्रम निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। अन्य उम्मीदवारों को अपने प्रमाणन शुल्क का भुगतान स्वयं करना होगा। चयन पहली नवंबर को लिटिल अंडमान में आयोजित किया जाएगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ 28 अक्तूबर तक गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में आइलैंड बीच गेम्स का आयोजन किया जाएगा। यह खेल प्रतियोगिता 30 और 31 अक्टूबर को रामनगर बीच में आयोजित होगा। सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पात्र हैं। पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग–अलग श्रेणियों में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी 26 अक्टूबर तक खंड विकास अधिकारी कार्यालय में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े चार बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं। खेल स्पर्धाओं के लिए लॉटरी 27 अक्टूबर को शाम चार बजे खंड विकास अधिकारी कार्यालय में निकाली जाएगी।

लॉटरी के निर्धारित समय पर प्रत्येक भाग लेने वाली टीम का एक प्रतिनिधि स्थल पर मौजूद होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए विस्तार अधिकारी सी. राजेंद्रन से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

आर्थिक अपराध शाखा पुलिस थाना में दर्ज घोटाले के मामले की जांच जारी है। जांच के दौरान, M/s JB-COM और M/s Metalloids Technology Pvt. Ltd. के निदेशक जयंत बिस्वास और किरण घोगरे के कथित तौर पर पूरे द्वीपसमूह में जनता को उच्च रिटर्न का वादा कर विभिन्न योजनाओं में पैसे निवेश करवाने का मामला सामने आया। यह कम्पनी नयाशहर में स्थित थी। इस संबंध में, पुलिस ने सभी निवेशकों से अपने दावों के सत्यापन के लिए फंड रसीद प्रमाण पत्र या बॉन्ड, बैंक विवरण, लेन–देन की रसीदें, निवेश की गई राशि का विवरण और अन्य संबंधित दस्तावेज 30 अक्तूबर तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक प्रस्तुत करने को कहा है।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से रबी अभियान के साथ ज़िला–स्तरीय 'खेत बचाओ अभियान' का कल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया ने कहा कि यह अभियान भारत सरकार द्वारा मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित और विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य में सुधार करने, जल संरक्षण और संचयन को प्रोत्साहित करने, टिकाऊ पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने और प्राकृतिक खेती को तेज़ी से अपनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उन्होंने किसानों से एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने का आग्रह किया। यह अभियान 30 अक्टूबर तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार रोलर स्केटिंग एसोसिएशन की ओर से 9वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

यह चैम्पियनशिप 26 अक्तूबर तक मरीना पार्क रोड पर शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक विभिन्न आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों की श्रेणी में आयोजित की जा रही है। प्रत्येक श्रेणी के तीन विजेताओं को बंगलुरू में आयोजित होने वाले आगामी राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>